ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination

SLE 2022

# GRADE 6

# HINDI

Subject Code: 8 0 1

**Total Questions:** 40

**Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- उत्तर-पत्रिका में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **काले/नीले बॉल पॉइंट पेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **40 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषिद्ध** है।
  प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

## खण्ड-क ( विषय आधारित )

**निर्देश: इस खण्ड में 30 बहुविकल्पी प्रश्न है। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं। जिसमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

1. कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?

   (A) बचपन (B) ईमानदारी

   (C) दु:ख (D) सोना

2. कौन-सा वाक्य भविष्य काल का नहीं है?

   (A) बच्चे क्रिकेट खेलेंगे। (B) माँ कल दिल्ली जायेगी।

   (C) सीता खाना खाएगी (D) आपने झूठ क्यों बोला?

3. इस विराम चिह्न (!) का नाम है–

   (A) अल्प विराम (B) विस्मयादिबोधक

   (C) पूर्ण विराम (D) अर्ध विराम

4. 'युवक' शब्द का सही स्त्रीलिंग रूप है–

   (A) युविका (B) युवी

   (C) युवती (D) युवकी

5. 'मानव' शब्द से बना भाववाचक संज्ञा शब्द है–

   (A) मन (B) मानवता

   (C) मनुष्यता (D) मानस

6. 'करीब' शब्द के लिए कौन-सा शब्द अनेकार्थी नहीं है?

   (A) समीप (B) लगभग

   (C) पास (D) दूर

7. लेखिका किसे कहते हैं?

   (A) जो लेखक की पत्नी हो। (B) जो कविताएँ सुनना पसंद करती हो।

   (C) कविताएँ सुनाती हो। (D) जो कहानी, लेख आदि लिखती हो।

8. 'श्रीमान' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?
   (A) लित
   (B) आन
   (C) इत
   (D) मान

9. खटमल शब्द का स्त्रीलिंग रूप होगा–
   (A) खटमली
   (B) मादा खटमल
   (C) खटमलीन
   (D) नर खटमली

10. सही 'करणकारक' वाक्य को चुनिए–
   (A) पिताजी दीदी के लिए मिठाई लाए।
   (B) मैं कल जाऊँगा।
   (C) राजन को बुलाओ।
   (D) मुझे यह सूचना दीदी के द्‌वारा मिली।

11. 'कल्पना' संज्ञा से बने विशेषण शब्द का चुनाव कीजिए–
   (A) कल्पनाशील
   (B) काल्पनिक
   (C) अकल्पना
   (D) काल्पनिकपूर्ण

12. 'कंधा-हिस्सा' के अर्थ को व्यक्त करने वाला श्रुतिसमभिन्नार्थक युग्म है–
   (A) अंस-अंश
   (B) अनल-अनिल
   (C) अन्य-अन्न
   (D) अंत-अंत्य

13. अरे! इतना कठिन समय है, ऐसा लगता है मानो ........................
   (A) नदी में उफान आया है।
   (B) भूकंप आया है।
   (C) पहाड़ टूट पड़े हैं।
   (D) सागर फट पड़ा है।

14. 'नमक हलाल' मुहावरे का सही अर्थ है–
   (A) उपकार न मानना
   (B) उपकार मानना
   (C) समझना
   (D) नमक देना

15. 'क्ष' की रचना हुई है–
   (A) 'क् + ह् + अ' से
   (B) 'क् + ष् + अ' से
   (C) 'क् +ञ् + अ' से
   (D) 'क् + स् + अ' से

16. भाषिक संप्रेषण से तात्पर्य है–
    (A) अपनी बात को दूसरे तक पहुँचाना।
    (B) दूसरे की बात को ग्रहण करना।
    (C) विचारों का आदान-प्रदान करना।
    (D) इशारों में बातचीत करना।

17. 'भौंरा' तद्‌भव शब्द किस तत्सम शब्द से विकसित हुआ है?
    (A) भँवर
    (B) भ्रमर
    (C) भाँवर
    (D) भोर

18. 'हर्ष' शब्द का विलोम नहीं है–
    (A) आमोद
    (B) शोक
    (C) दुख
    (D) अप्रसन्नता

19. कौन-सा शब्द 'वीर' शब्द का विलोम नहीं है?
    (A) डरपोक
    (B) कायर
    (C) कमज़ोर
    (D) शूर

20. 'ग्रह-गृह' श्रुतिसमभिन्नार्थी शब्दों के अर्थ के अंतर को बताने वाला युग्म है–
    (A) घर - नक्षत्र
    (B) नक्षत्र - घर
    (C) तारे - मकान
    (D) नक्षत्र - भवन

21. किस वाक्य में गुणवाचक विशेषण नहीं है?
    (A) सुगंधित फूलों ने सबका मन लुभा लिया।
    (B) उन्होंने मुझे मीठे-मीठे फल खिलाए।
    (C) वह गुलाबी साड़ी पहनकर आई।
    (D) हम लोग ज़्यादा दूध न पी सके।

22. किस वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है?
    (A) मैं स्वयं यह काम करूँगी।
    (B) वहाँ से वह ले आइए।
    (C) जो सोता है सो खोता है।
    (D) तुम अपने घर जाओ।

23. 'मालिक' शब्द का सही स्त्रीलिंग रूप है–

(A) मालकिन (B) मलिकाइन

(C) मलिकानी (D) मालिकी

24. निम्नलिखित में कौन-सा रेखांकित पद सर्वनाम है?

(A) मेरा बेटा डॉक्टर है। (B) हमारे घर में आज यज्ञ है।

(C) मेरा क्या, मैं कल ही चला जाऊँगा। (D) कुछ लोग बहुत बोलते हैं।

25. 'आँखें खुलना' मुहावरे का सही अर्थ है–

(A) सोकर उठ जाना (B) सीख मिलना

(C) समझ में आना (D) ध्यान देना

26. 'मुझे एक गरम चाय की कप चाहिए' वाक्य का शुद्ध रूप है–

(A) मुझे गरम चाय की एक कप चाहिए। (B) मुझे गरम चाय का एक कप चाहिए।

(C) मुझे एक गरम कप चाय का चाहिए। (D) मुझे एक चाय का गरम कप चाहिए।

27. 'काँटे बिछाना' मुहावरे का सही अर्थ है–

(A) किसी के रास्ते में काँटे फैला देना (B) किसी को काँटे चुभाना

(C) किसी को दंड देना (D) किसी के काम में बाधा डालना

**निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

पुस्तकों की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति है, जो आपको ज्ञान के रूप में प्राप्त होती है। क्या आप जानते हैं, कैसे? आपका ज्ञान सबसे पहले आपकी कमियों को आपको बताएगा। जब तक आप अपनी कमियों को नहीं जानते, तब तक आप अपने को भी नहीं पहचानते। यदि कोई मूर्ख व्यक्ति अपनी मूर्खता को जानता है, तो वह मूर्ख नहीं, जिसके पास ज्ञान है, उसके पास पहचान है। ज्ञान प्राप्त करने का सबसे सरल माध्यम है–पुस्तकें, जो आपकी उम्र को ध्यान में रखकर आपको ज्ञान देती रहती हैं।

28. पुस्तकों की सबसे बड़ी शक्ति कौन-सी है तथा क्यों?

(A) सबसे बड़ी शक्ति ज्ञान है तथा ज्ञान ही मनुष्य को विद्वान बनाता है।

(B) सबसे बड़ी शक्ति ज्ञान है और ज्ञान ही हमें हमारी कमियों को बताता है।

(C) सबसे बड़ी शक्ति ज्ञान है और ज्ञान ही मनुष्य को शिक्षित बनाता है।

(D) तीनों उत्तर ग़लत हैं।

29. पुस्तकों के विषय में कौन-सा कथन असत्य है?
   (A) पुस्तकों की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति होती है।
   (B) पुस्तकों की शक्ति हमें ज्ञान के रूप में प्राप्त होती है।
   (C) पुस्तकें हमारी उम्र के अनुसार ज्ञान देती हैं।
   (D) तीनों उत्तर सही हैं।

30. ज्ञान प्राप्त करने का सबसे ...................... माध्यम है—पुस्तकें।
   (A) कठिन
   (B) सरल
   (C) सीधा
   (D) लम्बा

## खण्ड-ख ( योग्यता आधारित )

**निर्देशः इस खण्ड में 10 बहुविकल्पी प्रश्न है। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं। जिसमें से केवल दो विकल्प सही है। विद्यार्थी को दोनों सही विकल्पों का चयन करना है।**

31. कौन-से दो शब्द तत्सम नहीं हैं?
   (A) चना
   (B) मिठाई
   (C) चणक
   (D) मिष्ठी

32. कौन-से दो शब्द 'शहद' के पर्याय हैं?
   (A) मकरंद
   (B) पुष्परस
   (C) अमृत
   (D) महक

33. किन दो शब्दों की रचना 'दुर' उपसर्ग से हुई हैं?
   (A) दुर्गम
   (B) दुःखद
   (C) दूरबीन
   (D) दुर्लभ

34. कौन-से दो वाक्य भूतकाल के हैं?
   (A) कल मैं दिल्ली गया था।
   (B) सीता नृत्य करके खाना खाएगी।
   (C) शायद आपने भी यह पाठ पढ़ा होगा।
   (D) माँ स्वादिष्ट खीर बना रही है।

35. कौन-से दो शब्द जातिवाचक संज्ञा हैं?

(A) शत्रु
(B) पशुता
(C) कंजूसी
(D) बच्चा

36. कौन-से दो शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं हैं?

(A) ईमानदार
(B) अहिंसा
(C) खुश
(D) वीरता

37. किन दो वाक्यों में सकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?

(A) चिड़िया आकाश में उड़ रही है।
(B) बच्चा छत से नीचे गिरा था।
(C) मैं मदन को अपना भाई मानता हूँ।
(D) सब लोग खाना खा रहे हैं।

38. कौन-सी दो मिठाइयों में तिल का प्रयोग किया जाता है?

(A) सोन पापड़ी
(B) गजक
(C) रेवड़ी
(D) कराची हलवा

39. कौन-सी दो मिठाइयाँ खोए या मावे से बनाई जाती हैं?

(A) गुलाब जामुन
(B) रसगुल्ला
(C) रसमलाई
(D) बरफी

40. निम्नलिखित में से भगवान विष्णु के दो अवतार कौन-से हैं?

(A) नृसिंह
(B) रुद्र
(C) हनुमान
(D) परशुराम

GRADE
6

HINDI